# 9 मज़ेदार दिन



बड़ा मज़ेदार है भैया
रविवार का वार
इस दिन सारे वार मनाते
छुट्टी का त्योहार
सोम और मंगल ने मिलकर
पौधा एक लगाया
बुध और बृहस्पति ने उसको
पानी खूब पिलाया
शुक्रवार बोला—पौधे को थोड़ा-सा दो पानी
शनिवार ने खाद डालकर पूरी की मनमानी।

- क्या रविवार तुम्हारे लिए एक मज़ेदार दिन है?
- सोमवार यह सोचकर बहुत खुश है कि वह सप्ताह का पहला दिन होता है। अब तुम बताओ –

(क) ______________ सप्ताह का तीसरा दिन होता है।

(ख) ______________ सप्ताह का पाँचवाँ दिन होता है।

(ग) ______________ सप्ताह का दूसरा दिन होता है।

(घ) ______________ सप्ताह का आखिरी दिन होता है।

- कौन-सा दिन आएगा

(क) रविवार के बाद? ______________

(ख) रविवार से पहले? ______________

इस अध्याय को समझाने के लिए कैलेंडर का प्रयोग उपयोगी होगा। बच्चों को कक्षा अथवा घर में कैलेंडर देखने के लिए प्रेरित करें।

© NCERT not to be republished

(ग) बुधवार के बाद? ________________

(घ) बुधवार से पहले? ________________

(ङ) रविवार के 2 दिन बाद? ________________

(च) बुधवार के 4 दिन बाद? ________________

(छ) सोमवार के 7 दिन बाद? ________________




- कौन-सा दिन तुम्हें सबसे ज़्यादा पसंद है? क्यों?
- आज कौन-सा दिन है? ________________
- कल कौन-सा दिन था? ________________
- कल कौन-सा दिन होगा? ________________
- परसों कौन-सा दिन होगा? ________________
- परसों कौन-सा दिन था? ________________

## टीचर-टीचर

कक्षा दूसरी-ए के कुछ बच्चे 'टीचर-टीचर' खेल खेलना पसंद करते हैं। उन्होंने बारी-बारी से इस खेल में टीचर बनने की सोची।




| *दिन* | *कौन टीचर बनेगा* |
|---|---|
| सोमवार | वैभव |
| मंगलवार | अल्पना |
| बुधवार | गौरव |
| बृहस्पतिवार | गुरप्रीत |
| शुक्रवार | दीपक |
| शनिवार | रहनुमा |

© NCERT not to be republished

अब खाली जगह को भरो –

(क) शुक्रवार के बाद वाले दिन ______________ टीचर बनेगी।

(ख) मंगलवार के पहले वाले दिन ______________ टीचर बनेगा।


(ग) गौरव ______________ के बाद वाले दिन टीचर बनेगा।

(घ) दीपक ______________ के पहले वाले दिन टीचर बनेगा।

## हर दिन खेल का?

**दूसरी-ए का टाइम टेबल**

| दिन ↓ / पीरियड → | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सोमवार | हिंदी | गणित | खेलकूद | अंग्रेज़ी | विज्ञान | संगीत |
| मंगलवार | हिंदी | गणित | ड्राइंग | अंग्रेज़ी | विज्ञान | पुस्तकालय |
| बुधवार | हिंदी | गणित | खेलकूद | अंग्रेज़ी | विज्ञान | पुस्तकालय |
| बृहस्पतिवार | हिंदी | गणित | ड्राइंग | अंग्रेज़ी | विज्ञान | संगीत |
| शुक्रवार | हिंदी | गणित | खेलकूद | अंग्रेज़ी | विज्ञान | संगीत |
| शनिवार | हिंदी | गणित | ड्राइंग | अंग्रेज़ी | विज्ञान | पुस्तकालय |



© NCERT not to be republished

कक्षा दूसरी ए के टाइमटेबल को ध्यान से देखो और नीचे दिए हुए तालिका को पूरा करो –

| *पीरियड* | *कौन से दिन?* |
|---|---|
| ड्राइंग | |
| संगीत | |
| खेलकूद | |
| पुस्तकालय | |

### *तुम्हारी कक्षा में*

(अ) तुम्हारा खेल का पीरियड किस-किस दिन होता है? ____________

(ब) कितने बच्चे खेल का पीरियड रोज़ रखना चाहेंगे? ____________

(स) खेल के पीरियड में तुम कौन-से खेल खेलते हो? ____________

(द) तुम्हारा ड्राइंग का पीरियड किस-किस दिन होता है? ____________

(य) क्या तुम्हारा संगीत का पीरियड होता है? ____________
यदि हाँ तो किस-किस दिन? ____________

(र) स्कूल में सप्ताह का कौन-सा दिन तुम्हें सबसे ज़्यादा पसंद है?
____________

© NCERT not to be republished

## मनपसंद महीना

एक दिन सोना, अर्जुन और ज़ेबा अपने मनपसंद महीनों के बारे में बातें कर रहे थे।




✿ तुम्हारा मनपसंद महीना कौन-सा है? ________________________

क्यों? ____________________________________________

✿ तुम अपने मनपसंद महीने में क्या करना चाहते हो? उसका चित्र बनाओ।

© NCERT not to be republished




| *मुझे सबसे ज़्यादा क्या पसंद है* | *यह किन महीनों में आता है* |
|---|---|
| फल ____________ | ____________ |
| सब्ज़ी ____________ | ____________ |
| फूल ____________ | ____________ |

✿ पाँच त्योहारों के नाम लिखो जो तुम या तुम्हारे दोस्त मनाते हैं। उन महीनों के नाम भी लिखो जिनमें ये त्योहार मनाए जाते हैं।



| *त्योहार का नाम* | *महीना जिसमें मनाया जाता है* |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

not to be republished

✿ किसी त्योहार का चित्र बनाओ।

✿ नीचे दी हुई सूची में से कुछ महीनों के नाम गायब हैं। उन महीनों के नाम भरो –

जनवरी, फरवरी, ________, अप्रैल, ________, जून, ________,
अगस्त, सितंबर, अक्तूबर, ________, दिसंबर

✿ कैलेंडर देखकर पता लगाओ –

– साल का पहला महीना कौन-सा है? ________

– मार्च के बाद कौन-सा महीना आता है? ________

– अगस्त से पहले कौन-सा महीना आता है? ________

– साल का आखिरी महीना कौन-सा होता है? ________

© NCERT not to be republished

## अलग है फरवरी का महीना

तीस दिन के महीने चार
सात पर है इकतीस का भार
सबसे छोटा फरवरी भाता
कभी-कभी है कूद लगाता




**कैलेंडर देखो और बताओ –**

- किन महीनों में 30 दिन होते हैं? ______
- कितने महीनों में 31 दिन होते हैं? ______
- फरवरी में कितने दिन हैं? ______
- सबसे छोटा महीना कौन-सा है? ______
- मई और जून में मिलाकर कुल कितने दिन होते हैं? ______
- इस बार जुलाई में कितने रविवार हैं? ______
- इस बार तुम्हारा जन्मदिन किस दिन पड़ेगा? ______

***पता करो*** –

तुम्हारी गर्मी की छुट्टियाँ कितने दिनों की होती हैं? ______

तुम्हारी सर्दी की छुट्टियाँ कितने दिनों की होती हैं? ______

लंबे और छोटे महीनों को याद रखने का एक प्रचलित तरीका चित्र में दर्शाया गया है। जनवरी से शुरू कर उँगलियों के उभरे हुए भागों पर लंबे महीने बैठते हैं, जबकि छोटे महीने बीच वाले स्थानों में आते हैं।

© NCERT not to be republished

# कहीं गर्मी, कहीं सर्दी, कहीं ...





मैं अशरफ हूँ। मैं कश्मीर में रहता हूँ। यहाँ ज़्यादातर हवा ठंडी होती है। इससे मेरे दाँत बजते हैं। मुझे धूप में या आग के पास बैठना पसंद है।



मैं लक्ष्मी हूँ। मैं चेन्नई में रहती हूँ। यहाँ बहुत गर्मी पड़ती है। अगर मैं नंगे पैर चलूँ तो मेरे पैर जलने लगते हैं। मुझे पानी से भरे ताल में बैठना अच्छा लगता है।







मैं रुबैया हूँ। मैं मेघालय की रहने वाली हूँ। यहाँ बारिश रुकती ही नहीं। अक्सर सूरज काले-घने बादलों के पीछे छिपा रहता है।

अलग-अलग ऋतुओं से संबंधित अपने अनुभवों को बाँटने के लिए बच्चों को प्रेरित करें।

## क्या तुम्हें कभी ऐसा लगा –

1. (क) तुम्हारे दाँत ठंड के कारण बजते हैं? हाँ/नहीं

   (ख) नंगे पैर चलने से तुम्हारे पैर जलते हैं? हाँ/नहीं

   (ग) एक महीने का नाम बताओ जब तुम आसानी से नंगे पैर घूम सकते हो। ____________________

2. (क) क्या तुमने कभी बहुत दिनों तक बारिश होते देखी है? हाँ/नहीं

   (ख) तुम्हारे इलाके में सबसे ज़्यादा बारिश किस महीने में होती है? ________________

3. (क) तुम्हारे इलाके में ज़्यादा गर्मी के महीने कौन-से होते हैं? ________________

   (ख) तुम्हारे इलाके में ज़्यादा ठंडे महीने कौन-से होते हैं? ________________

4. इन महीनों में कौन-से फल और सब्ज़ियाँ बाज़ार में ज़्यादा दिखाई देते हैं? लिखो या चित्र बनाओ –

| *मई-जून* | |
|---|---|
| फल | सब्ज़ियाँ |
| | |
| | |
| | |
| | |

| *दिसंबर-जनवरी* | |
|---|---|
| फल | सब्ज़ियाँ |
| | |
| | |
| | |
| | |

© NCERT not to be republished